प्रेस नोट

थाना–हापुड देहात **दिनांक 13-09-2021**

थाना हापुड देहात पुलिस व एसओजी टीम ने ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, जिनके कब्जे/निशानदेही पर भारी मात्रा में चोरी किये गये पीली/सफेद धातु के आभूषण, बिना नम्बर बाइक एवं अवैध असलहा बरामद।

संक्षिप्त विवरणः–

दिनांक 10.01.2021 की रात्रि में भीमनगर थाना हापुड देहात में स्थित ऋतु ज्वैलर्स की दुकान में चोरी की घटना हुई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हापुड देहात मु0अ0सं0 014/2021 धारा 457/380 भादवि पंजीकृत किया गया था।

कार्यवाहीः–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड देहात पुलिस व एसओजी टीम ने ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर चोरों को गढ रोड राम मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे/निशानदेही पर मु0अ0सं0 014/2021 धारा 457/380 भादवि से सम्बन्धित भारी मात्रा में पीली/सफेद धातु के आभूषण, बिना नम्बर बाइक एवं अवैध असलहा बरामद।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड देहात पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में अन्य थानों/जनपदों से जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः–

1.राजीव पुत्र रामफल निवासी ग्राम मदापुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
2.बिरजू पुत्र बनी सिहं निवासी ग्राम मदापुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड

बरामदगी का विवरणः–

1.एक जोडी हथफूल, 02 चैन, 03 जोडी बच्चा पायल, 12 पैरों की चुटकी सम्बन्धित 3. एक जोडी हजारा पायल, एक पीस डी पायल, एक जोडी भारी पायल, एक चोटी, दो परीबन्द, एक भारी तगडी, दो गले के हार, चार तगडी, दो गले के हमेल आदि सभी सफेद धातु। (मु0अ0सं0 014/2021 धारा 457/380 भादवि से सम्बन्धित)

(आभूषणों का कुल वजन लगभग–05 किलोग्राम।)

2. एक पीली धातु की हसली। मु0अ0सं0 014/2021 धारा 457/380 भादवि

3.एक मोटर साईकिल न0 DL5SAD 4379 इंजन न0 HA10EADGM00226 चेसिस नं0 MBLHA10ADA9M02174 स्प्लेण्डर
4.एक अदद तमन्चा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस
5.एक अदद चाकू नाजायज

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः–

1. उ0नि0 श्री विनोद कुमार मय हमराही कांस्टेबल थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री नसीम खान स्वाट टीम प्रभारी जनपद हापुड।
3. उ0नि0 श्री रिजवान मय स्वाट टीम जनपद हापुड।
4. उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र कुमार स्वाट टीम प्रभारी जनपद हापुड़ ।